## खबर संक्षेप

### शासकीय हाई स्कूल अंजनी (मवई) का रिजल्ट हैट्रिक

**मण्डला।** जिला मंडला के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड मवई के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल अंजनी में लगातार विगत तीन वर्षों से हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 100% रिजल्ट आ रहा है। शासकीय हाई स्कूल अंजनी में विषय विज्ञान का एक नियमित शिक्षक है जो कि प्रभारी प्राचार्य भी हैं तथा शेष विषयों के अतिथि शिक्षक हैं। प्रभारी प्रचार्य सह विज्ञान शिक्षक गिरजा शंकर सिंह बघेल को रसायन शास्त्र में महारथ हासिल है। शिक्षक गिरजा शंकर की कार्यप्रणाली कुछ इस प्रकार से है यथा आदिवासी छात्र छात्राओं के घर घर जाकर संपर्क करना, छात्र के माता-पिता ना मिलने पर ग्राम पंचायत के अंतर्गत रोजगार गारंटी योजना में जाकर संपर्क करना, आदिवासी छात्र-छात्राओं को विषय अनुसार ग्रामीण भाषाओं का उपयोग करके कठिन विषय वस्तु को टी एल एम बनाकर सरल शब्दों में समझाना, कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को प्रत्येक रविवार को स्कूल लगाकर विषयों का अध्यापन कार्य कराना,प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल के द्वारा प्रत्येक वर्ष जो छात्र प्रथम श्रेणी में आते हैं उन्हें डेढ़ किलो का एक कांसे का पात्र दिया जाता है। इस सत्र 2025 में शिवम कुमार कक्षा दसवीं में 89% अर्जित कर प्रथम श्रेणी में आया है उसे प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल के द्वारा छात्र शिवम कुमार को 15 अगस्त में पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम पंचायत अंजनी के सरपंच शिव कुमार मरावी का भी विशेष योगदान रहता है जैसे सरपंच द्वारा माह के अंत में स्कूल के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के अध्ययन अध्यापन में विशेष ध्यान देना, समीक्षा करना और पालकों से संपर्क कर प्रेरित करना। इसी प्रकार मवई विकासखंड के शिक्षा अधिकारी एच एस परते के द्वारा कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को विषय अनुसार रीमेडीअल क्लासों के संचालन तथा विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति में विशेष योगदान रहा है। विगत तीन वर्षों से शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर सरपंच शिव कुमार मरावी, बी ई ओ मवई एच एस परते सहित प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल के द्वारा समस्त शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं को बधाइयां देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई है। पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिया है। विज्ञान शिक्षक सह प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल की इस उपलब्धि पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी उदयभान पटेल, अखिलेश चंद्रोल सेवा निवृत शिक्षक, विवेक शुक्ला अध्यक्ष शिक्षक संघ,महेंद्र श्रीवास बोर्ड परीक्षा प्रभारी मंडला सहित अन्य शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया है। लोगों का मानना है कि ऐसे शिक्षक को जिला मुख्यालय पर पदस्थ कर नीट आदि परीक्षाओं की तैयारी के लिए ,इनके शिक्षण कौशल का लाभ बच्चों को दिलवाना चाहिए।

## मण्डला, बिछिया, नैनपुर तथा निवास में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# 177 प्रकरणों का हुआ निराकरण

*** हजारों लोगों को मिला प्रत्यक्ष लाभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 को हुआ। जिला मण्डला में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोषी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तपन धारगा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व (जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण) पारिवारिक वैवाहिक मामले न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक, नगरपालिका, विद्युत एवं बीएसएनएल के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। मंडला, नैनपुर, बिछिया तथा निवास में आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित 215 प्रकरणों में से 177 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 1 करोड़ 90 लाख 79 हजार 870 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया तथा प्री-लिटिगेषन के 200 प्रकरण में से 188 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 66 लाख 57 हजार 999 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया। इस लोक अदालत से कुल 629 लोग लाभांवित हुये। न्यायिक मजिस्टेªट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर/निवास/बिछिया में भी उक्त नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई जिसमें सभी समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु 23 खंडपीठों का गठन किया गया है।




जिसमें आपसी सुलह के आधार पर राजीनामा किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार की नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में बैंक के 36 प्रकरणों में से 31 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 52 लाख 45 हजार 86 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई, विद्युत विभाग के 117 प्रकरणों में से सभी 117 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 9 लाख 40 हजार 753 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई, नगरपालिका के 23 प्रकरणों में से 19 प्रकरण निराकृत हुये, जिसमें 1 लाख 23 हजार 499 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई।

न्यायालय के लंबित केसेस में समझौता योग्य आपराधिक 78 प्रकरणों में से 68 निराकृत किए गए। धारा 138 एनआई एक्ट के 40 प्रकरणों में से 38 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें राशि 74 लाख 86 हजार 77 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। एमएसीटी के 22 प्रकरणों में से 19 प्रकरण निराकृत हुये 1 करोड़ 39 हजार 443 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार पारिवारिक विवाद के 20 प्रकरणों में से 8 प्रकरणों को निराकरण हुआ। अन्य सिविल प्रकृति के 15 प्रकरणों में से 14 प्रकरण निराकृत हुये। सभी समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह के आधार पर किया गया तथा सभी लाभान्वितों को पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोक अदालत में उपस्थित लाभान्वित व्यक्तियों को एक-एक पौधा भेंट किया गया व वृक्षारोपण को बढावा देने का संदेष दिया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द रावत पंचतत्व में विलीन-पत्रकारों ने किया शोक व्यक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मण्डला जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र रावत अब हमारे बीच नही रहे। जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर बिछिया तहसील के दबंग पत्रकार श्री रावत की लेखनी पूरे महाकौशल में जानी व पहचानी जाती थी। सहज सरल और कम शब्दों में बात करने वाले श्री रावत की कलम से बिछिया क्षेत्र को अनेक उपलब्धि भी मिली है। बीते दिनों देर रात उन्हें सीने में दर्द हुआ और हृदयघात से उनका निधन हो गया। भरा पूरा परिवार रोता बिलखता रह गया। हालाकि उनके पुत्र शोभित रावत इन दिनों पत्रकारिता के क्षेत्र में हैं। पिता की विरासत को शोभित ने संभाल लिया है लेकिन शोभित भी अचानक हुई घटना से स्तम्भ है वहीं अचानक निधन से पत्रकार जगत में शोक व्याप्त है तो वहीं श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि श्री रावत उनके बहुत पुराने साथी हैं। अनेक सम्मेलन बैठक धरना और प्रदर्शन में श्री रावत की महत्वपूर्ण भूमिका हुआ करती थी पत्रकारों के हितों को लेकर उनकी लेखनी हमेशा चर्चा में रही हैं। इस दुखद अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील नामदेव ने कहा कि किसी अपने को खोने का दर्द शब्दों में बयान करना आसान नहीं है। यह एक ऐसा घाव है जो बाहर से दिखाई नहीं देता लेकिन अंदर से व्यक्ति को तोडक़र रख देता है। हम लाख कोशिश करें उनकी गैरमौजूदगी का एहसास हर पल दिल में रहता है। बीती रात्रि में मेरे प्रिय अग्रज, गुरु, मार्गदर्शक हर प्रसंग में मेरे पथ-प्रदर्शक आदर और श्रृद्धा के केन्द्र राजेन्द्र रावत रज्जन भैया असमय स्वर्गारोहण कर गये। अत्यंत पीड़ा जनक संदेश ने मुझे झकझोर कर रख दिया। मेरे जीवन के लिए उनके न होने से रिक्त स्थान की पूर्ति असंभव है। रज्जन भैया एक अद्भुत व्यक्ति थे। हमेशा जो शांत और सहज स्वभाव और बातचीत में अद्भुत शब्द बोलते थें आप मेरे अग्रज, गुरु एक अद्भुत मार्ग दर्शक रहे हैं। इनके निधन पर बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, भाजपा नेता डॉ. विजय आनंद मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष रजनी मरावी, कल्याण आश्रम अध्यक्ष कैलाश डेहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए हैं।

## गुरुकुल की ओर से युद्ध स्तर पर विभिन्न स्थानों में शिविरों का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल, गयाजीपुर मंडला की ओर से आज तीन विभिन्न स्थानों पर सप्त दिवसीय युवक एवं युवती चरित्र निर्माण शिविरों का युद्ध स्तर पर भव्य शुभारंभ किया गया। गुरुकुल परिसर में युवक चरित्र निर्माण शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक चैनसिंह वरकडे के करकमलों से हुआ। वहीं, रानी अवंतीबाई विद्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) के मुख्य आतिथ्य में शिविर का आरंभ किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज में युवतियों हेतु विशेष शिविर की शुरुआत भी उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुई। इन शिविरों में कुल लगभग 400 से 450 युवक-युवतियों ने सहभागिता की है। अगले सात दिनों तक सभी प्रतिभागियों को शस्त्र (स्वरक्षा प्रशिक्षण) एवं शास्त्र (नैतिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ज्ञान) का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह शिविर गुरुकुल के उद्देश्य "चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण" को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। गुरुकुल परिवार ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी धार्मिक दानी सज्जनों, समाजसेवियों एवं सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की है। साथ ही, उन्होंने शिविर में संलग्न सभी कार्यकर्ताओं और मुख्य अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। आपका सहयोग ही सनातन धर्म, सभ्यता और संस्कृति की रक्षा का आधार है।

## नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

# 1 करोड 85 लाख 90 हजार 5 सौ 75 रूपये की राशि की गई अवॉडिड



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा, राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी के चित्र में पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढिया, द्वितीय जिला न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत नरेन्द्र पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश प्रवीण पटेल, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, श्रीमती सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट बॉबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला अधिवक्ता बार संघ से अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, सचिव राम कुमार राठौर, शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसेल संतदास नापित, जिला अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्तागण खण्डपीठ के सुलहकर्ता सदस्यगण, पैरालीगल वालेंटियर्स तथा जिला न्यायालय अनूपपर समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 08 खण्डपीठ, तहसील सिविल न्यायालय कोतमा हेतु 03 खण्डपीठ एवं राजेन्द्रग्राम हेतु 03 खण्डपीठ का गठन किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 14 खण्डपीठों का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक 74, चैक बाउंस 23, क्लेम प्रकरण 06, वैवाहिक प्रकरण 20, विद्युत प्रकरण 75 एवं अन्य 265 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 328, इस प्रकार कुल 800 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल एक करोड पचासी लाख नब्बे हजार पांच सौ सत्तह रूपये की राशि अवॉडिड की गई।

### इन प्रकरणों का भी हुआ निराकरण

पति रवि कुमार राठौर निवासी ग्राम चोरभटी द्वारा अपनी पत्नि से तलाक हेतु न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया था। नेशनल लोक अदालत को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पति रवि कुमार राठौर एवं पत्नि निधी राठौर दोनों को दाम्पत्य जीवन निर्वाहन करने की समझाईश दी गई। जिस पर दोनों पक्ष राजी हो गए। जिसके उपरांत जिला न्यायाधीश द्वारा प्रकरण समाप्त किया और दोनों पति-पत्नि एक साथ राजी खुशी से अपने घर गए। इसी तरह आवेदिका एवं अनावेदक के मध्य विवाद होने से आवेदिका द्वारा अनावेदक से भरण पोषण राशि दिलाये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा आवेदिका के पक्ष में आदेश पारित कर उसे प्रतिमाह 1800 रूपये भरण-पोषण राशि अनावेदक से दिलाय जाने का आदेश पारित किया। जिसके उपरांत उभयपक्ष द्वारा वसूली प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। अनावेदक विगत कई वर्षो से आवेदिका को भरण पोषण राशि अदा कर रहा था। अनावेदक की दो पत्नियॉ थी, जिनमें एक पत्नी की भृत्यु हो चुकी थी, कुंठी बाई उसकी दूसरी पत्नी थी। आज उभयपक्ष नेशनल लोक अदालत में संबंधित न्यायालय में उपस्थित हुए जिस पर खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी एवं सुलहकर्तागण द्वारा दोनों को राजीनामा की समझाईश दिए जाने पर वे राजीनामा कर साथ-साथ रहना व्यक्त किया, न्यायालय द्वारा प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की गई और और दोनों पति-पत्नि एक साथ राजी खुशी से अपने घर गए वही धारा- 294, 323, 506, 342, 34 एवं 325 के तहत- वकैया, समयलाल उर्फ गुल्लू, पे्रमलाल और दुख्खू के ऊपर प्रकरण 2021 में दर्ज हुआ था। नेशनल लोक अदालत को श्रीमती चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी और पक्षकारों के अधिवक्तागणों के प्रयासों से दोनों पक्षों को समझाईश दी गई। चूंकि मामला गंभीर प्रकृति का नही था और सभी धाराएं राजीनामा योग्य होने से न्यायालय की अनुमति से उक्त प्रकरण में राजीनामा कराकर, सभी आरोपियों को उन पर लगे अपराध से उन्मुक्त किया गया।

**समीक्षा** | **वनग्रामों तक सड़कों और पुल-पुलियों का गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण।**

# वनग्रामों के विकास के संबंध में समीक्षा बैठक

*** वनग्रामों को शासन की मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मंडला जिले के वनग्रामों में विकास कार्यों को गति दी जायेगी। इससे वनग्रामों में संपर्क मार्ग, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के कार्य, पेयजल सुविधा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शनिवार को सर्किटहाउस मंडला में वनग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला जिले के वनग्रामों को संपर्क मार्ग से जोड़ा जाए। जिससे वन ग्रामों तक आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने वनग्रामों में समस्त प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि वनग्रामों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए। वनग्राम क्षेत्रों में मनरेगा के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे वनग्रामों में रहने वाले नागरिकों को रोजगार मिलता रहे। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि वनग्रामों को जोड़ने वाली सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक करें। बैगा बसाहट वाले गावों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने बैठक में कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन में स्थित ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं के लिए बैठक आयोजित कर उनका निराकरण करने की बात कही। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को निर्देश दिए कि बहुउद्देशीय चुटका परियोजना के संबंध में चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने 6 जून 2025 को प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय विद्यालय समनापुर के निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर और आवागमन हेतु बायपास सड़क निर्माण कार्य के संबंध में समीक्षा की गई।

# सभी शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रख समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित किए हैं। निर्देशित किया गया है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विकास विभाग, परिवहन विभाग समस्त शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्यता उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थितियों में यथा स्वंय अथवा स्वंय के परिवार में विवाह, प्रसूति एवं संतान पालन, गंभीर बीमारी, दुर्घटना, स्वंय के परिवार में घटित अप्रत्याशित घटना आदि के संबंध में जिला स्तर पर कलेक्टर एवं राज्य स्तर पर विभाग के भारसाधक सचिव द्वारा अवकाश स्वीकृत/अनुमति प्रदान की जा सकेगी। उपरोक्त विभागों के अतिरिक्त अन्य विभागों के शासकीय सेवकों के अवकाश आवेदनों पर अतिआवश्यक होने पर ही स्वीकृति सक्षम स्तर से प्रदान की जा सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### कार्य में प्रगति नहीं होने पर रोका गया वेतन

**डिंडोरी** । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जल गंगा सवंर्धन के लक्ष्य पूर्ति में लगातार कमी के चलते जिले कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,परियोजना अधिकारी मनरेगा, सीनियर डाटा मैनेजर,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद,कार्यक्रम अधिकारी,समस्त तकनीकी अमला,सचिव और रोजगार सहायक का वेतन रोक दिया गया है । जारी पत्र में हवाला दिया गया है कि 02 मई 2025 को मुख्यमंत्री तथा सचिव मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में समाधान ऑनलाईन बैठक के दौरान जल गंगा सवंर्धन अभियान की समीक्षा गई थी, जिसमें डिण्डौरी जिला की प्रगति सबसे निम्न थी।जिसके चलते उक्त कार्रवाई की गई है । गौरतलब है कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर एक नवीन तालाब और छह खेत तालाब के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । लेकिन इन कार्यों में जिला और पंचायत स्तर पर संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है । वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी के आदेश के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समनापुर ने भी सचिव एवं रोजगार सहायक का वेतन आहरण में आगामी आदेश पर्यन्त तक रोक लगा दी है । जारी पत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत लेबर बजट जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समय-सीमा में सफलता पूर्वक क्रियान्वयन करने हेतु बैठकों एवं पत्र के माध्यम से निर्देश दिये गये थे, लेकिन लेबर बजट का लक्ष्य जल गंगा संवर्धन के लक्ष्य पूर्ति हेतु कोई रूचि नहीं ली जा रही है । जिस कारण प्रगति प्रभावित हो रही है । और प्रगति सबसे निम्न स्तर के होने के कारण दृष्टिगत रखते हुये वेतन आहरण में रोक लगाई गई है ।

### मोटरसाईकिल की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवती घायल

**डिण्डौरी**। कोतवाली थाना अंतर्गत सुबखार में शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे एक स्कूटी में सवार दो युवतियों को मोटरसाईकिल चालक ने टक्कर मार दिया । हादसे में स्कूटी सवार दोनों युवती घायल हो गई जिन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है । अस्पताल चैकी पुलिस को दिये कथन में शोभा पिता सनईराम सोनी उम्र 25 साल निवासी वार्ड नम्बर 1 सुबखार डिण्डौरी ने बतलाया कि मैं अपनी एक सहेली की बहन के साथ अपने स्कूटी से भैंसलगान से वापस अपने घर आ रही थी स्कूटी मैं चला रही थी और सहेली की बहन पीछे बैठी थी सुबखार नाका तिराहा में अपने घर जाने के लिये जैसे ही स्कूटी को मोडा तभी कालेज तिराहा तरफ से आ रहे मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 52 एमए 8554 के चालक ने अपनी मोटरसाईकिल को लापरवाही पूर्वक चलाते हुये स्कूटी को टक्कर मार दिया जिसमें सवार हम दोनों स्कूटी सहित रोड पर गिर गये जिससे दोनों को चोटे आई हैं ।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**उमरिया**। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये जिला अंतर्गत नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े समस्त विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं फील्ड स्टाफ के अवकाश पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया दिया है।

## जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्र में बॉक्साइट की 5 खदानों को सरकार की मंजूरी

# पिपरिया 1 व 2, बघरैली सानी, चाड़ा की तांतर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।




जिले के बजाग विकासखंड में सरई और साल के जंगलों के बीच जहां सरकार द्वारा घोषित "राष्ट्रीय मानव" बैगा जनजाति के लोग बसे हुए हैं, बैगाचक के इसी क्षेत्र में बॉक्साइट और अलुमिनस लेटराइट की 5 खदानों को सरकार ने मंजूरी दी है। इन 5 खदानों के लिए जो एरिया आरक्षित किया गया है, वह कुल 1046 हेक्टेयर यानी 2585 एकड़ का है। इसमें भी 502 हेक्टेयर की खदान चाड़ा पंचायत अंतर्गत आने वाले तांतर में स्वीकृत की गई है।

### बैगा जनजाति की संस्कृति और वनों पर खतरा, स्थानीय लोगों की आपत्ति पर नहीं हुई सुनवाई

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राष्ट्रीय मानव बैगाओं के लिए सबसे संवेदनशील तथा इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए सबसे उपयुक्त माने जाने वाले डिंडोरी जिले के चाड़ा पंचायत क्षेत्र में भी खदान स्वीकृत हो गई है। जिस पर डिंडोरी तो छोड़िए, भोपाल और दिल्ली तक किसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई। बैगा जनजाति की परंपराओं और वनों पर निर्भर इनकी आजीविका के लिए इन खदानों से बड़ा संकट खड़ा होगा लेकिन कमजोर, बेबस और लाचार इस जनजाति को खदान माफिया डरा धमका कर इस क्षेत्र से कही दूर भगा देगे। ग्राम पिपरिया के ग्रामीणों द्वारा ग्रामसभा में खनन का विरोध करते हुए प्रस्ताव पास किया गया, दलालों द्वारा बैगा सहित अन्य ग्रामीणों की जमीनें हड़पे जाने की शिकायत भी प्रशासन से की है । तब भी कोई कार्यवाही उनके हित में अब तक दिखाई नहीं दी है। ग्राम सभा और अनुसूचित क्षेत्र में गठित पेसा समिति द्वारा भी इन खदानों को सहमति नहीं दी जा रही है । पंचायत द्वारा भी खनन कार्य के विरुद्ध अपना अभिमत खनिज विभाग को दिया जा चुका है, तब भी इन आपत्तियों को दरकिनार कर दिया गया। पिपरिया माल में खदान के खिलाफ बैगाओ की जमीनें माटी मोल खरीदे जाने को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया तब भी बैगा आदिवासी बहुल पिपरिया माल, जल्दा और बघरैली सानी में खदानें स्वीकृत होने पर सरकारी और प्रशासनिक स्तर पर किसी ने आपत्ति नहीं जताई जो समझ से परे है।

### बघरैली सानी खदान की शुरुआत हो गई है

पिपरिया माल ए और बी सहित बघरैली सानी में बॉक्साइट की खदान है। तांतर और जल्दा में बॉक्साइट के साथ अलुमिनस लेटराइट भी है। 5 में से 3 बॉक्साइट ब्लॉक पिपरिया माल ए और बी तथा 502 हेक्टेयर की तांतर खदान का ठेका आनंद माइनिंग कॉर्पोरेशन को तथा 20 हेक्टेयर की बघरैली सानी का काम यश लॉजिस्टिक प्रा. लि. को मिला है। जल्दा की 210 हेक्टेयर की खदान बांदा की मेसर्स प्रीति को मिली है। इनमें से बघरैली सानी खदान में काम शुरू हो चुका है। फिलहाल वहां काम बंद है सूत्र बताते है कि खदान से निकाले गए बॉक्साइट को बाहर ले जाने का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। डिंडोरी जिले के वन बहुल बजाग विकासखंड जहां पर बैगा जनजाति अधिक संख्या में निवासरत है। वहां इस जनजाति का जनजीवन, आजीविका और इनकी परंपरागत संस्कृति के साथ साथ इस क्षेत्र के घने जंगल भी खनन से पूरी तरह से प्रभावित होगे। क्षेत्र के ग्रामीणों की भूमि का अधिग्रहण कर उन्हें उनकी जमीनों का उचित मुआवजा और उनके अनुकूल पुनर्वास की व्यवस्था किए बिना ही सरकार द्वारा निजी खनन कर्ताओं को खदाने नीलम कर दिए जाने से क्षेत्र में भू माफिया तेजी से सक्रिय हो चुके है और इन कीमती खनिजों से परिपूर्ण भूमि को अशिक्षित, भोले भाले, ग्रामीणों से बहुत कम कीमतों में हड़पी जा चुकी है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही है उसकी भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कुल मिलाकर इस क्षेत्र में जहां अमूल्य खनिज के भंडार है और सरकार को बड़े राजस्व की प्राप्ति होगी वहां के लोगों के पुनर्वास और उत्थान को लेकर अब तक सरकार ने कोई भी खास व्यवस्था नहीं की है। इस पूरे कारोबार से स्थानीय लोगों को किसी भी तरह का लाभ मिलने की संभावना नजर नहीं आती है। अचरज की बात यह है कि इस क्षेत्र में बॉक्साइट ब्लॉक होने की जांच सरकार द्वारा करवाए जाने के बाद, सरकार द्वारा इसकी घोषणा और नीलामी किए जाने के वर्षों पहले की इस क्षेत्र की जमीनों को खरीदने के लिए बाहर के जिलों के लोग सक्रिय हो गए थे और अब इन खदानों की चाबी भी इन्हीं लोगों के पास है। अन्य मामलों में देखा जाता है कि सरकार परियोजनाओं की घोषणा और भूमि के अधिग्रहण के प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व ही जमीनों की बिक्री पर रोक लगा देती है पर इस क्षेत्र के बैगा जनजाति के हित में ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की गई। जो सरकार की विशेष राष्ट्रीय मानव, जनजाति और आदिवासियों के प्रति उपेक्षा को दर्शाती है।

## अपुष्ट सूचनाओं के प्रसारण पर प्रतिबंध

**मानपुर**। कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी या अपुष्ट सूचनाओं को वायरल करने संबंधित कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालनार्थ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर १० मई को थाना प्रभारी मानपुर मुकेश मर्सकोले के द्वारा थाना प्रांगण में स्थानीय एवं क्षेत्रीय पत्रकारों की एक आवश्यक बैठक पूर्व निर्धारित समय सायं ४ बजे से आहूत की गई थी, जिसमें समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे, जिन्हें देश में उद्भुत वर्तमान परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में किसी भी प्रकार की अपुष्ट खबरों के प्रसारित नहीं किए जाने के लिए कहा गया साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेंद्र कुमार जैन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का अक्षरशः पालन कराने में मीडिया कर्मियों को अपनी भूमिका का निर्वहन करने की बात कही गई, इस दौरान टीआई श्री मर्शकोले द्वारा यह भी जिम्मेदारी पत्रकार बंधुओ को सौंपी गई कि वर्तमान समय में यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से ऐसी भ्रामक जानकारी साझा करता पाया जाता है, जिससे आमजन में आक्रोश और तनाव उत्पन्न होने के साथ-साथ शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा हो तो ऐसी दशा में तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उस पर नकेल कसी जा सके, बैठक के दौरान मानपुर मुख्य मार्ग बस स्टैंड से ब्योहारी रोड एवं बस स्टैंड से गोवर्दे रोड पर ट्रैफिक के तनाव को कम करने की बात पत्रकारों ने कही, जिससे जाम की स्थिति ना निर्मित होवे, जिस पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा उपरांत अतिशीघ्र कार्रवाई किए जाने का आश्वासन थाना प्रभारी मानपुर मुकेश मर्शकोले द्वारा दिया गया।

## बैमौसम बारिश से सैकडों क्विंटल गेहूं खराब होने की संभावना, नहीं है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# चांदरानी गेहूं खरीदी केन्द्र का मामला

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।





विकास खंड समनापुर अंतर्गत गेहूं खरीदी केन्द्र चांदरानी में बडी लापरवाही सामने आई है, जहां खुले आसमान के नीचे गेहूं से भरे सैकडों बोरे यहां बिखरे पडे हुये हैं । और किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया गेहूं बैमौसम हो रही बारिश की वजह से भींग गया है, हैरत की बात है, कि यहां बारिश से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किये गये हैं । जानकारी के मुताबिक गेहूं खरीदी केन्द्र में 15 मार्च से 5 मई तक किसानों से लगभग 6 हजार क्विंटल गेहूं खरीदी की गई है । लेकिन अब तक यह गेंहूं गोदामों तक नहीं पहुंच पाया है और खुले आसमान के नीचे रखे गेहूं के बोरों का उठाव नहीं होने से हजारों क्विंटल गेहूं बोरे में रखा हुआ है जो बारिश होने से गीला हो रहा है । जिससे गेहूं के खराब होने की अशांका बनी हुई है । लेम्पस प्रबंधक प्रमोद साहू ने बतलाया कि गेहूं की सुरक्षा के लिये हमारे द्वारा त्रिपाल नहीं खरीदा गया वहीं परिवहनकर्ता ठेकेदार भी समय में परिवहन करने में हीलाहवाली कर रहा है । जिससे ऐसी नौबत बनी हुई है उन्होंने स्वीकार किया कि गेहूं की सुरक्षा के लिये माकूल व्यवस्था किया जाना था लेकिन उम्मीद नहीं थी कि बैमौसम बारिश होगी । हालांकि गेहूं परिवहन नहीं होने के संबंध में अधिकारियों को इस बावद सूचना दी जाती रही है । लेकिन अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दिये परिणाम स्वरूप शनिवार को बैमौसम बारिश के कारण गेहूं से भरे बोरे गीले हो गये हैं । आलम यह है, कि यहां वाहनों में परिवहन के लिये रखे बोरे की लोडिंग के लिये बडी तदाद में हम्माल भी मौजूद है, और खुले आसमान के नीचे बैठकर वाहनों का इंतजार कर रहे है। लेकिन वाहन परिवहन के लिये नहीं पहुंच रहे हैं जिससे हम्मालों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड रहा है । इसके अलावा खुले आसमान के नीचे रात दिन बिताने के कारण अप्रिय घटना की संभावना भी बनी हुई है ।

# नुनखान में दो और बरबसपुर में रोका गया एक बाल विवाह

### बाल विवाह की सूचना मिलते ही संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वर वधु पक्ष को दी गई समझाईश

डिण्डौरी



जिले के अलग अलग स्थान पर शनिवार को तीन बाल विवाह रोके गये हैं । बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन पुलिस और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुये बाल विवाह रोके गये । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्याम सिंगौर ने बताया कि परियोजना डिण्डौरी अंतर्गत ग्राम बैगान टोला नुनखान में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई थी । मौके पर पहुंचकर टीम ने जांच की जिसमें लडकी की जन्मतिथि 17 मार्च 2006 पाई गई । इस आधार पर उसकी उम्र मात्र 19 वर्ष से कम थी । परिजनों को समझाईश दी गई और बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय होने की जानकारी दी गई । बालिका और परिवार ने बाल विवाह न करने की लिखित सहमति दी । इसी तरह ग्राम पंचायत बरबसपुर में भी बाल विवाह रोका गया है । टीम द्वारा मौके पर बनाए गए पंचनामा के अनुसार ग्राम बरबसपुर में लडकी की जन्मतिथि 11 मई 2005 पाई गई और विवाह की तिथि 11 मई 2025 निर्धारित की गई थी । जांच में लडके की उम्र 20 वर्ष से कम पाई गई । पंचायत बैठक में स्वजन ने बताया कि वर्ष 2024 में विवाह तय हुआ था । बालिका की उम्र कम होने से अब विवाह स्थगित किया गया । परिजनों और पंचायत से सहमति से बाल विवाह रोकने का निर्णय लिया । इसी तरह बाल बाल विवाह की सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन व पुलिस विभाग की टीम परियोजना डिण्डौरी अंतर्गत ग्राम नुनखान बैगान टोला पहुंची । जहा किशोरी की जन्मतिथि 10 अप्रेल 2008 पाई गई, जिससे उसकी उम्र 17 वर्ष थी । स्वजन को समझाईश देने के साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया गया । टीम द्वारा विवाह रोका गया और परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया । इस तरह तीनों स्थान में बाल विवाह समय रहते रोका गया । प्रशासन की तत्परता महिला व बाल विकास विभाग चाइल्ड हेल्पलाईन और पंचायत प्रतिनिधियों की समन्वित कार्रवाई से बाल विवाह रोकना संभव हो सका ।

# आदि जगद्गुरु शंकराचार्य जी की व्याख्यान माला का सफल आयोजन



**डिंडौरी न्यूज**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड डिंडोरी के तत्वावधान में 11 मई, रविवार को आदि जगद्गुरु शंकराचार्य जी की व्याख्यान माला का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनजागरण एवं सांस्कृतिक चेतना के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें महंत श्री महेंद्र मुक्तेश्वर गिरी जी महाराज, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री अशोक अवधिया, पूर्व मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र मरकाम, शिक्षक श्री गया प्रसाद चंदेल एवं विकासखंड समन्वयक श्री गणेश राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन उपरांत नवांकुर संस्था के सदस्य अजय ठाकुर, मनोज और छात्रा रामप्रभा द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया।डॉ. देवेंद्र मरकाम द्वारा आदि शंकराचार्य के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि आदि शंकराचार्य का जन्म 780 ईसा पूर्व केरल राज्य के कालड़ी गांव में हुआ था। अल्प आयु में ही उन्होंने अद्वैत वेदांत दर्शन की गहराईयों को आत्मसात कर लिया था। महज 8 वर्ष की आयु में उन्होंने सन्यास ग्रहण कर गुरुकुल से ज्ञान यात्रा प्रारंभ की थी। नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक से होते हुए वे ओंकारेश्वर पहुंचे और वहीं गुरु शंकरपादपाचार्य जी से दीक्षा प्राप्त की।शंकराचार्य जी ने काशी में ज्ञान साधना कर 16 वर्ष की आयु में सर्वज्ञ की उपाधि प्राप्त की। वे जातिवाद के घोर विरोधी थे और पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए चार मठों की स्थापना की। उनके विचारों में ब्रह्म और जीव में कोई भेद नहीं था, और वे 'ॐ' को परम सत्य मानते थे।महंत श्री महेंद्र मुक्तेश्वर गिरी जी महाराज ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य की विचारधारा आज भी प्रासंगिक है, और समाज को जाति-पांति जैसे ढकोसलों से ऊपर उठकर मानवता की सेवा में लगना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक श्री गणेश राजपूत ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू छात्र-मेंटर्स, नवांकुर संस्था के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने जल बचाने का संकल्प लिया।

# अमरपुर पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, लाखों के जेवरात व नकदी बरामद

### घटना में शामिल निकला पीड़ित का रिश्तेदार

डिंडौरी ।



अमरपुर पुलिस ने एक अज्ञात चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात एवं नकद राशि बरामद कर ली है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, एसडीओपी विवेक कुमार गौतम और थाना प्रभारी समनापुर कामेश धूमकेती के मार्गदर्शन में की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 08 मई 2025 को प्रार्थी दीपकराम प्रजापति, निवासी डुंगरिया, चौकी अमरपुर, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी पत्नी और बच्चों सहित 6 मई को ग्राम धनवासी शादी में गया हुआ था। इस दौरान घर में ताला लगा था। 8 मई को उसके बड़े भाई के साढ़ू अनिल प्रजापति ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात एवं 6000 रुपये नकद चोरी कर लिए गए हैं।चौकी प्रभारी अतुल हरदहा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर मामले की गंभीरता से विवेचना की गई। संदेह के आधार पर पूछताछ के दौरान अनिल प्रजापति पिता सीताराम प्रजापति, उम्र 27 वर्ष, निवासी चाबी जो हाल ही में डुंगरिया में रहकर मजदूरी कर रहा था, ने चोरी करना स्वीकार किया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी सउनि अतुल हरदहा, सउनि रामरतन झारिया, प्रआर 203 गंगा यादव एवं आरक्षक 59 अजीत कुमार धुर्वे की विशेष भूमिका रही।पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 181/25 धारा 331(4), 305(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है।

## खबर संक्षेप

### आपातकालीन स्थितियों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने जिले में आपातकालीन स्थितियों में संपूर्ण सूचना समन्वय एवं संचालन प्रणालियों को नियंत्रित करने और अन्य गतिविधियों के लिए कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर में स्थित कक्ष क्र.4 में कंट्रोल रुम बनाया गया है। उक्त कंट्रोल रुम का दूरभाष नं. 07792-230681 है। कंट्रोल रुम संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार चैरसिया को प्रभारी एवं अधीक्षक भू- अभिलेख नरसिंहपुर गिरीश धुलेकर को सहायक नियुक्त किया जाता है।

### अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 21 मई को चीचली में

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगारध्स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 21 मई को नगर परिषद बावई चीचली में किया जायेगा। यह कार्यक्रम जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, प्राचार्य आईटीआई तथा जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर के समन्वय से किया जायेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा।

### 13 मई को मनोकामनेश्वर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन,

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय सैनिकों के अदम्य पराक्रम शौर्यता और आपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता पर मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर समिति नरसिंहपुर ने 13मई दिन मंगलवार को चोला वंदन के साथ ही 108हनुमान चालीसा पाठ कराने का निर्णय लिया है।पं.रामस्नेही पाठक पं.मैथिलीशरण तिवारी इंजी.सुनील कोठारी के आतिथ्य में दिन भर चलने बारे इस आयोजन में मंदिर समिति के सभी गायक वादक सस्वर संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। आयोजन समिति ने सभी गणमान्य नागरिकों व भक्तजनों की उपस्थिति का आव्हान किया है।

### शासकीय सेवकों को अवकाश पर प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के समस्त विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों के सभी प्रकार के आगामी अवकाश तत्काल प्रभाव से अन्य आदेश तक प्रतिबंधित किया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्यता मौजूद रहेंगे। अवकाश प्रतिबंध अवधि में विशेष परिस्थितियों में स्वयं अथवा स्वयं के परिवार में विवाह, प्रसूति एवं संतान पालन, गंभीर बीमारी, दुर्घटना, स्वयं के परिवार में घटित अप्रत्याशित घटना आदि के संबंध में कलेक्टर की अनुमति के उपरांत सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है। इस आदेश को तत्काल प्रभावशील किया है।

### 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के भरे जा रहे हैं आवेदन, 17 जून से होगी शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार बोर्ड की पूरक परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। इस बार कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के लिए द्वितीय अवसर की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऐसे छात्र जो मंडल की प्रथम परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हों, वे सभी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। इसके साथ ही ऐसे परीक्षार्थी जो किसी विषय में उत्तीर्ण हो गए हों, वे भी अंक सुधार के लिए द्वितीय अवसर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए विशेष बात है कि प्रथम व द्वितीय अवसर में से जो भी श्रेष्ठ परिणाम होगा वह अंतिम रूप से मान्य होगा। किसी छात्र को प्रायोगिक एवं आंतरिक परीक्षा के केवल अनुत्तीर्ण भाग में शामिल होने की पात्रता होगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में परीक्षार्थी को प्रथम परीक्षा में लिए गए विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को पहली परीक्षा की अंकसूची जारी नहीं की जाएगी।

## सृष्टि के रक्षक भगवान नरसिंह की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

# विराजे नरसिंह भगवान तो नरसिंहपुर पड़ा नाम









### वास्तु व स्थापत्य कला की अद्भुत मिशाल है भगवान नरसिंह का प्राचीनतम मंदिर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री नरसिंह देव प्राकट्योत्सव को लेकर आयोजित तीन दिवसीय नरसिंह महोत्सव को लेकर विविध कार्यक्रम हुए। रविवार को भगवान श्री नरसिंह की जयंती के दिन देर रात तक कार्यक्रम चलते रहे। रविवार को जयंती अवसर पर सुबह से लेकर दिए रात तक श्रद्धालुओं का मेला नरसिंह मंदिर परिसर में लगा रहा पूजा पाठ भजन कीर्तन चलते रहे। दिन भर भंडारा चलता रहा। शाम के समय पूजा एवं महारती के बाद सांस्कृतिक और भजन कीर्तन लोकगीत हुए। वही सुबह रामधुन निकली। प्रात अभिषेक हुआ। साथ ही नरसिंह स्तंभ के दर्शन के लिए भारी भीड़भाड़ बनी रही। दूसरी और तीन दिवसीय उत्सव के दौरान विविध खेलकूद गतिविधियां भी हुई।

सुबह मंदिर से प्रभात फेरी निकली। अभिषेक पूजन किया गया। दोपहर में भंडारे का आयोजन हुआ वहीं शाम को वाहन रैली निकाली गई। जिसमें भगवान नरसिंह की विशाल प्रतिमा को एक वाहन में विराजित किया गया। इस रैली का अनेक स्थानों पर स्वागत सत्कार किया गया। रैली के उपरांत देर शाम धूमधाम से महा आरती की गई। रविवार को सुबह से भगवान नरसिंह के मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सुबह प्रभात फेरी निकालकर कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। जाट युवा मोर्चा, श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के आव्हान पर नगर के कई धार्मिक,सामाजिक संगठनों की भागीदारी में विविध कार्यक्रम किए गए।

### विराजे नरसिंह भगवान तो नरसिंहपुर पड़ा नाम

प्राचीन काल में जो नगर गड़रियाखेड़ा के नाम से जाना जाता था वह कालांतर में नरसिंहपुर के नाम से विख्यात हुआ। नगर को यह नाम पुरानी बसाहट में स्थापित उस मनोहारी व विशालतम नरसिंह मंदिर की बदौलत मिला है, जो लगभग सवा दो सौ वर्ष पूर्व जाट सरदार द्वारा निर्मित कराया गया था। बताया जाता है कि सन 1785 में राव राजकिशोर के पूर्वजों द्वारा मंदिर में भगवान श्री नरसिंह सहित अन्य प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा करवायी गई थी। जिसमें श्री नरसिंह भगवान दैत्यराज हिरण्यकश्यप का वध कर रहे है। भगवान नरसिंह के साथ भगवान श्री लक्ष्मीनारायण, श्री लक्ष्मी नरसिंह व भक्त प्रहलाद की भी नयनाभिराम प्रतिमाएं यहां स्थापित हैं।

### मंदिर के तलघरा में नरसिंह स्तंभ

नरसिंह मंदिर के तलघरा में प्राकाट्योत्सव के दिन यहां तलघरा में मंदिर के मुख्य आधार खंभ का दर्शन कर परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। प्राकाट्योत्सव पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। देर रात यहां आयोजनों का क्रम चलता रहा। कार्यक्रम में अनेक संगठनों की भागीदारी रही। मंदिर का तलघरा जिसमें पवित्र नरसिंह खंभ स्थित है वह हर व्यक्ति की जिज्ञासा का विषय है। जो श्रद्धालु तलघरा में प्रवेश कर चुका है उसकी जिज्ञासा तो काफी हद तक शांत हो जाती है पर नया अनुभव भी मिलता है।

नरसिंह मंदिर का यह तलघरा मई माह की भीषण गर्मी में भी एयर कंडीशनर का अहसास कराता है।

### तालाब में खुलती है सुरंग, स्नान करने जाती थीं रानी

नरसिंह मंदिर की प्राचीनता के साथ उसमें बनायी गई बेजोड़ कलाकृतियां जहां मंदिर के महत्व को बहुगुणित कर देती है वही मंदिर से जुड़ी हुई कई किवदंतियां आज भी चर्चा में है। जाट राजा नरसिंह वार्ड में स्थित जिस बाखर में निवास करते थे वहां से नरसिंह मंदिर तक जाने वाली एक सुरंग आज भी है जो मंदिर के पीछे बने हुए तलाब में खुलती है। पूर्व में रानी इसी सुरंग के रास्ते पूजन हेतु मंदिर आती थी। कहा तो यह भी जाता है कि यहां भगवान नरसिंह तीन प्रहरों में तीन रूपों में दर्शन देते है। याने हर पहर में उनका रूप परिवर्तित हो जाता है।

## महाकौशल शुगर मिल के बगास यार्ड में लगी भीषण आग





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रविवार दिनांक 11.05.2025 को लगभग सुबह 10रू30 बजे के करीब महाकौशल शुगर मिल बचाई के बगास यार्ड में अचानक आग लग गई। कर्मचारियों द्वारा शोर करने पर सभी लोग वहां आग बुझाने लगे परंतु आग पर काबू नही हो सका तब तत्काल 100 नं. डायल किया गया। तहसीलदार व सी०एम०ओ० नगर पालीका नरसिंहपुर को फोन कर दो फायर बिग्रेड बुलाया गया तब तक काफी समय हो चुका था। करीब 04 बजे आग पर काबू पाया गया पर इसके बाबजूद भी पूरी आग नहीं बुझ पाई अन्दर से आग सुलग रही है। आग लगने का कारण अज्ञात है। इससे करीब 10000 से 12000 टन बगास जल गया है। वर्तमान में 3500 प्रति टन की दर से 3,50,00,000 से 4,00,00,000 रुपये तक के लगभग नुकसान हुआ है। मौके पर तहसीलदार मआर.आई. एवं पटवारी महोदय, 100 डायल सभी उपस्थित हो गए थे। आग पर काबू मिलने के पश्चात वे सभी लोग वापस गये। इस संबंध में अमरजीत सिंह गिल पिता स्वर्गीय श्याम सिंह गिल उम्र 59 वर्ष जो की महाकौशल शुगर मिल मैं सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है ने थाना मंगवानी जिला नरसिंहपुर मे लिखित आवेदन देकर अग्रिम कार्रवाई हेतु निवेदन किया है।

## जनता यूनियन की 48 वीं सालगिरह मनाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म प्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन स्थापना की आज 48 वीं सालगिरह हर्ष उल्लास वातावरण में मनाते हुऐ जनता यूनियन पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में संघर्ष से हासिल अनेक उपलब्धियों से कर्मचारियों में आई खुशहाली में सबसे खास लाईन कर्मचारीयों के लिए पैंशन योजना हासिल कराने में नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मौजूदा समस्या कर्मचारियों के रिक्त पद भरना, आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों बकाया वेतन का भुगतान, विधुत दुर्घटनाओं पर रोक, सबस्टेशनो की दुर्दशा में सुधार, लाईन स्टाफ की सुरक्षा में विधुत पोल से होर्डिंग्स और वायरिंग हटाने, आदि मांगों को हल कराने सभा में शासन प्रशासन से मांग की गई।

## नेशनल लोक अदालत में 1189 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शनिवार को किया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिले में कुल 22 खंडपीठों का गठन किया गया। न्यायालय में लंबित कुल प्रकरणों में कुल 415 प्रकरणों का आपसी राजीनामे एवं सहमति से निराकरण किया गया और 863 व्यक्तियों को लांभावित किया। इस दौरान 3 करोड़ 8 लाख 94 हजार 230 की अवार्ड राघ्घ्शि पारित की गई। नेशनल लोक अदालत द्वारा बीएसएनएल, नगर पालिका, बैक एवं विद्युत विभाग इत्यादि से संबंधित कुल 774 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण उपस्थित पक्षकारो के राजीनामे के माध्यम से किया गया। इस दौरान 75,02,654 रुपये प्रतिकर वसूली राशि पक्षकारों से प्राप्त की जाकर 913 पक्षकारों के प्रकरणो का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त नेशनल लोक अदालत द्वारा कुल 1189 लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणो के निराकरण के अधीन कुल अवार्ड वसूली 3 करोड़ 83 लाख 96 हजार 884 रुपये प्राप्त हुई।

उक्त नेशनल लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा के द्वारा कुल 24 राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरणो का निराकरण किया गया। पीठासीन अधिकारी के विषेश प्रयासो से एक पति-पत्नी के परस्पर विवाद का सौहार्द्रपूर्ण समझौता कराया गया। जिसमें श्री ललित चैधरी ग्राम लौकीपार थाना स्टेशनगंज व पत्नी श्रीमती मीना चैधरी ग्राम श्रीनगर, पुलिस चैकी झौतेश्वर के प्रकरण में पीठासीन अधिकारी के समझाईश पर उभयपक्ष पुनः दांपत्य संबंधों की रक्षा करने व निर्वाहन करने हेतु वचनबद्ध हुये और राजीनामा सफल रहा। जिला नरसिंहपुर के साथ ही तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा, तेदूखेड़ा एवं गोटेगांव में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस प्रशासन नरसिंहपुर द्वारा एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने जिलेवासियों से उक्त एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। आम नागरिकों से कहा गया है कि आपत्तिजनक या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम के के मोबाइल नम्बर 7587646110 या हेल्प लाईन नम्बर 100 पर सूचित करें। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि खबरें, वीडियो, तस्वीर शेयर न करें, गलत सूचना से तनाव बढ़ा सकती है। केवल सरकार, पुलिस या विश्वसनीय समाचार एजेंसियों से प्राप्त जानकारी पर विश्वास करें। यदि कोई व्यक्ति भड़काऊ सामग्री, झूठी खबरें या राष्ट्र विरोधी पोस्ट साझा करता है, तो तुरंत स्थानीय पुलिस थाने को सूचित करे। सोशल मीडिया पर ऐसी कोई टिप्पणी या पोस्ट न करें जो, किसी भी समुदायों के बीच तनाव पैदा करे या राष्ट्रीय एकता को कमजोर करे। अपने सोशल मीडिया खातों को सुरक्षित रखें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें। शांत रहें, सतर्क रहें और राष्ट्रीय सुरक्षा में सहयोग करें। सिम कार्ड विक्रय के दौरान वैध दस्तावेजों का सावधानी से निरीक्षण करे और सम्पूर्ण वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति सिम कार्ड खरीदने आता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को प्रदान करे। ऑनलाइन भुगतानध्रुपये हस्तांतरण के लिए आने वाले समस्त व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में एक रजिस्टर में संधारित करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति रुपये हस्तांतरण के लिए आता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। मकान मालिक अपने किरायेदारों की निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी तत्काल समीपस्थ थाने में उपलब्ध करायें। बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी व्यक्ति को मकान फ्लैट दुकान किराये पर नहीं दें। जिले के सभी होटल, ढाबा, सराय, धर्मशाला एवं लॉज संचालकों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करें और ठहरने वाले समस्त लोगों के वैध दस्तावेजों को चेक करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में ठहरने आता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को प्रदान करे। जिले के प्रतिष्ठान संचालकों व व्यापारियों से कहा गया है कि वे अपने यहाँ कार्य कर रहे कर्मचारियों की जानकारी समस्त वैध दस्तावेजों के साथ संबंधित नजदीकी पुलिस थाना में दे। कोई भी व्यक्ति यदि कानून विरुद्ध गतिविधि करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध आईटी एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। जिम्मेदार नागरिक बनें और सोशल मीडिया का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से करें।

# कैकेई का उद्देश्य केवल राम काज के लिए

**तेंदूखेड़ा।**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से अगाध प्रेम करने वाली माता कैकेई द्वारा महाराज दशरथ से दो वर मांगने के पीछे श्री राम को वन भेजने के पीछे केवल श्री राम की लीलाओं के माध्यम से जंगलों में रहने वाली पिछड़ी जातियों के कल्याण और ऋषि मुनियों की रक्षा धर्म के प्रचार प्रसार अनीति पर चलने वाले आसुरी प्रवृत्तियों के विनाश के लिए ही था।प्रेम से वशीभूत तीनों माताओं में केवल कैकेई ही अटूट श्रद्धा विश्वास और प्रेम के चलते श्री राम के लिए सब कुछ समर्पण करने का सामर्थ्य रखतीं थीं।भरत को राज तिलक तो केवल बहाना था। कैकेई अटल भाव से खड़ी नहीं होती तो श्री राम की लीलाएं भी नहीं हो सकतीं थीं।वह भी एक निर्धारित समय के लिए ही एक दो साल का ही वरदान मांग लेती लेकिन 14 वर्षों में ही संपन्न हो सका था।



### भरत के समान भ्रातृत्व की जरूरत

आज भाई भाई में छोटी-छोटी सी बातों को लेकर कहा-सुनी बंटवारे हो जाते हैं। लेकिन भरत का चरित्र और श्री राम के प्रति समर्पण अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।चाह कर भी महलों की बजाय कुटिया में रहकर श्री राम आज्ञा को शिरोधार्य किया। उक्त अमृत वचन समीपी ग्राम खेरूआ में चल रहे श्री राम महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं संगीतमय श्री राम कथा के दौरान प्रख्यात कथा वाचक पं कृष्णकांत शास्त्री के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का गुणानुवाद करते हुए श्रोताओं के बीच व्यक्त किए जा रहे हैं।पं शास्त्री द्वारा श्री राम चरित मानस की महिमा से लेकर गुरु माता पिता की भक्ति भाई और मित्र के प्रति समर्पण पिछड़े वर्ग को साथ लेकर चलने उनके उत्थान महिला जाति की रक्षा और सुरक्षा संरक्षण सम्मान अनिती अत्याचार करने वाले लोगों को न्याय के मार्ग पर चलने धर्म की राह पर चलते हुए आस्था रखने जैसे विभिन्न विषयों को श्री राम चरित मानस के प्रत्येक कांड की सुंदर व्याख्या की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं।



### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञनारायण की प्रदक्षिणा कर रहे श्रद्धालु

तीन मई से विशाल कलशयात्रा के साथ के साथ शुभारंभ हुए श्री राम महायज्ञ श्री राम जानकी लक्ष्मण कुमार जी की नवीन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं संगीतमय श्री राम कथा के दौरान खेरुआ सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ नारायण भगवान की पूजन अर्चन करने के साथ परिक्रमा करते हुए सीताराम संकीर्तन के साथ पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार शाम को मंगलमय आरती धार्मिक कार्य संपन्न हो रहे हैं। संपूर्ण ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम में एक विशाल मंदिर का निर्माण कराया गया है जिसमें श्री राम दरबार विराजमान किया गया है। एवं महायज्ञ भी सभी के सहयोग से चल रहा है।

**गायत्री यज्ञ आज**

## गायत्री परिजनों ने घर घर किया संपर्क

**तेंदूखेड़ा**



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता और समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाये जाने की कल्पना को साकार करते हुए संपूर्ण विश्व में लाखों घरों में एक ही दिन एक ही समय में आज 12 मई सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विगत वर्षों की भांति यह आयोजन किया जा रहा है। घर घर जाकर संपर्क कर रहे गायत्री परिजनों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस महाआयोजन के जहां आध्यात्मिक कारण भी है। वहीं वातावरण के परिशोधन पर्यावरण सुरक्षा देव परिवार निर्माण वैचारिक उत्कृष्टता संस्कारों की पुर्नस्थापना आत्मशक्ति के अभ्युदय समर्थ राष्ट्र निर्माण बुद्धि के विकास सुख शांति लाने सहित विभिन्न प्रकार के वायरसों से मुक्ति पाने और यज्ञ साधना से इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर एक साथ सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव और घर में गायत्री परिवार के परिजन प्रज्ञा मंडलों के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपने अपने घरों मे गायत्री यज्ञ करने की घर घर जाकर अपील की गई है। इसी सिलसिले मे तेंदूखेड़ा सहित आस पास के गांवों में गायत्री परिवार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति से अपने अपने घरों में यज्ञ करने की अपील की जा रही है।आज तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पुण्य अभियान में अपनी सहभागिता देंगे।

## नेशनल लोक अदालत में 65 प्रकरणों का हुआ निराकरण

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस संपन्न हुई नेशनल लोक अदालत में नगर परिषद तेंदूखेड़ा से संबंधित संपत्ति कर जल कर और दुकान किराए से संबंधित 294 मामले रखे गए जिसमें संपत्ति कर के 110 मामलों में कुल वसूली 2 89616 जल कर के 163 प्रकरणों में 119060 रुपये की वसूली एवं दुकान किराए के 21 मामलों में 210968 रुपए की वसूली जमा होनी थी लेकिन कुल 65 मामले ही निराकृत हुए हैं। जिसमें 147534 रुपए की ही वसूली हो पाई है। इनमें भी संपत्ति कर के 32 जलकर के 31 और दुकान किराए के 2 मामले ही निराकृत हुए हैं।